कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः—शिविरा / माध्य / संस्था / एफ—1 / 12102 / NTT / स्था. / समायोजन / 2023 दिनांक :—

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय) माध्यमिक—————————

विषयः—पूर्व प्राथमिक शिक्षक(**NTT**) के जिला आवंटन / समायोजन के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार के पत्रांक प.4(15)शिक्षा—1 / बाल वाटिका / 2022 जयपुर दिनांक 24.11.2022 की पालना में निदेशक समेकित बाल विकास विभाग, जयपुर के अधीन कार्यरत पूर्व प्राथमिक शिक्षक को शिक्षा विभाग के अधीन महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) राजकीय विद्यालय में संचालित बाल वाटिका में समायोजन किया जाना है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं अनुमोदित रीति अनुसार पूर्व प्राथमिक शिक्षकों का पूर्व विभाग **द्वारा** पदस्थापित जिलों में ही समायोजन किया **गया है तथा** जिस जिले में पदों की संख्या कम है वहां से नियमानुसार अधिशेष पूर्व प्राथमिक शिक्षक को उनकी वरिष्ठता तथा दिए गए विकल्प पत्र की प्राथमिकता के आधार पर **अन्य** जिलों में समायोजन किया **गया है।** अधिशेष पूर्व प्राथमिक शिक्षक दिनांक 26.09.2023 तक **संबंधित समायोजित जिले के** शिक्षा अधिकारी मुख्यालय— माध्यमिक कार्यालय में रिपोर्ट करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दिनांक 27.09.2023 को पूर्व प्राथमिक शिक्षक(**NTT**) **का** काउसंलिग के माध्यम से महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) राजकीय विद्यालय में पदस्थापन संबंधी कार्यवाही प्रशासनिक सुधार विभाग के परिपत्र दिनांक क्रमांकः—प.(1)प्र.सु. / अनु—3 / 2020 पार्ट जयपुर दिनांक 18.05.2020 की पालना **करते हुए** किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः—उक्तानुसार समायोजन सूची।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—
1. संयुक्त सचिव, मुख्य मन्त्री कार्यालय, राजस्थान सरकार जयपुर
2. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप—2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
3. निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, राजस्थान, जयपुर
4. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा————————
5. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
6. रक्षित पत्रावली

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.09.19 20:09:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4754663